नैक (NAAC) द्वारा ‘A’ ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# हिंदी विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह सोमवार को

**2163 को उपाधि, 526 विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे स्वर्णपदक**

**मा. राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा होंगी मुख्य अतिथि**

**पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने दी जानकारी**

वर्धा, दि. 13 अक्टूबर 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा का तीसरा दीक्षांत



समारोह सोमवार, 15 अक्टूबर 2018 को पूर्वाह्न 11 बजे सम्पन्न होने जा रहा है। समारोह में मुख्य



अतिथि के रूप में गोवा की राज्यपाल माननीय श्रीमती मृदुला सिन्हा उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के

रूप में वर्धा के सांसद माननीय श्री रामदास तडस उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का दीक्षांत उपदेश कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र देंगे। दीक्षांत समारोह में विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 985, एम.फिल के 977 एवं पी.एच.डी. के 201 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने पत्रकार वार्ता में दी। इस अवसर पर जनसंचार विभाग के अध्यक्ष एवं दीक्षांत समारोह मीडिया समिति के संयोजक प्रो. अनिल कुमार राय एवं जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह तीसरा दीक्षांत समारोह है जिसमें 3948 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। इससे पहले सन 2008 में प्रथम तथा 2009 में द्वितीय दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ था। कुलपति प्रो. मिश्र ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि शिक्षा का विश्वस्तरीय मानक स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत है। आठ विद्यापीठों और 20 विभागों के माध्यम विभिन्न विषयों में अध्ययन-अध्यापन हो रहा है जिसमें जनसंचार, प्रदर्शनकारी कला, शिक्षा, भाषा, साहित्य, अनुवाद, स्त्री अध्ययन, दलित एवं जनजाति अध्ययन आदि प्रमुख विभाग हैं। उन्होंने सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के बढ़ते कदमों को लेकर कहा कि विवि ने हिंदी की वर्तनी ठीक करने के लिए 'सक्षम' तथा भाषा ठीक करने के लिए 'आचार्य' नाम से सॉफ्टवेअर बनाया है। आवाज को टैक्स्ट में पहचानने वाले सॉफ्टवेअर को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय में शोध जारी है। विश्वविद्यालय ने हिंदी को आगे ले जाने के लिए एम.टेक. पाठ्यक्रम भी शुरू किया है। उन्होंने सामुदायिक महाविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, विभिन्न भाषाओं के कोश, वर्धा हिंदी शब्दकोश, उन्नत भारत योजना और मिशन समृद्धि आदि उपलब्धियों की जानकारी भी इस अवसर पर दी। आसपास के समाज को निकटसा से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख भी उन्होंने किया। पत्रकार वार्ता में विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक एवं मुद्रित माध्यमों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में 12 से 15 तक आयोजित 'मुंशी प्रेमचंद राष्ट्रीय पुस्तक मेले' का उदघाटन 12 अक्टूबर को वरिष्ठ चिंतक प्रो. इंद्रनाथ चौधरी, प्रख्यात कथाकार श्रीमती चित्रा मुद्गल, अतिथि लेखक श्री आनंद भारती, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह की प्रमुख उपस्थिति में तथा कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। पुस्तक मेले में देश भर के 70 से अधिक प्रकाशकों के पुस्तकों के स्टॉल लगाए गए हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान 'रंग संगीत' सांस्कृतिक कार्यक्रम में 13 से 15 अक्टूबर के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नाटक, गायन (संगीत) तथा नृत्य की प्रस्तुति की जा रही है। 14 अक्टूबर को 'पुरा छात्र सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। 15 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से 'जेवण उत्सव' का भी आयोजन किया गया है। इस उत्सव में विविध राज्यों के लजीज व्यंजनों के 40 से अधिक स्टॉल्स लगाए जाएंगे। विश्व के 197 देशों की मुद्राओं की प्रदर्शनी भी लगाई इस उत्सव में लगायी जाएगी। 15 अक्टूबर को 'रंग संगीत' सांस्कृतिक कार्यक्रम में दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर द्वारा 'युगंधर कृष्ण' नाटक तथा विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।

---

# हिंदी विश्वविद्यालयाचा तीसरा दीक्षांत समारंभ सोमवारी

## 2163 विद्यार्थ्यांना उपाधी, 526 विद्यार्थ्यांना सुवर्णपदक

## मा. राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा मुख्य अतिथी म्हणून उपस्थित राहणार

## पत्रकार परिषदेत कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांची माहिती

वर्धा, दि. 13 ऑक्टोबर 2018 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धाचा तीसरा दीक्षांत समारंभ सोमवार, 15 ऑक्टोबर 2018 रोजी सकाळी 11 वा. आयोजित करण्यात आला आहे. समारंभाला मुख्य अतिथी म्हणून गोवाच्या राज्यपाल माननीय श्रीमती मृदुला सिन्हा उपस्थित राहतील. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी विश्वविद्यालयाचे कुलाधिपती माननीय प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी राहतील. विशिष्ट अतिथी म्हणून वर्धा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्राचे खासदार माननीय श्री रामदास तडस उपस्थित राहतील. कार्यक्रमात दीक्षांत उपदेश कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र देतील. यावेळी विभिन्न स्नातकोत्तर अभ्यासक्रमांच्या 985, एम.फिलच्या 977 आणि पी.एच.डी.च्या 201 विद्यार्थ्यांना उपाधी प्रदान करण्यात येतील. अशी माहिती विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी दिली. ते नागार्जुन अतिथी गृहात आयोजित पत्रकार परिषदेत बोलत होते. यावेळी जनसंचार विभागाचे अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय व जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे उपस्थित होते.

कुलगुरु मिश्र यांनी विश्वविद्यालयाच्या उपलब्धीविषयी माहिती दिली. ते म्हणाले की विश्वविद्यालयात आठ विविध शाखा असून 20 विभागाच्या माध्यमातून विविध अभ्यासक्रम शिकविले जात आहेत. यावेळी त्यांनी सामुदायिक महाविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, विभिन्न भाषांमधील कोश, वर्धा हिंदी शब्दकोश, उन्नत भारत योजना आणि मिशन समृद्धी इत्यादींविषयी माहिती दिली.

यानिमित्त 12 ते 15 ऑक्टोबर पर्यंत 'मुंशी प्रेमचंद राष्ट्रीय पुस्तक मेळावा ' आयोजित करण्यात आला असून त्याचे उदघाटन 12 ऑक्टोबर रोजी वरिष्ठ चिंतक प्रो. इंद्रनाथ चौधरी, प्रख्यात कथाकार श्रीमती चित्रा मुद्गल, अतिथी लेखक श्री आनंद भारती, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह यांच्या प्रमुख उपस्थितीत तथा कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या अध्यक्षतेत करण्यात आले. पुस्तक मेळाव्यात देशभरातील 70 हून अधिक प्रकाशकांच्या ग्रंथांचे स्टॉल लावण्यात आले आहेत. 'रंग संगीत' सांस्कृतिक कार्यक्रम 13 ते 15 रोजी आयोजित असून यात विद्यार्थी नाटक, गायन (संगीत) तथा नृत्य सादर करतील. 14 ऑक्टोबरला 'पुरा छात्र सम्मेलन' आयोजित करण्यात येईल. तर 15 रोजी 3 वा. 'जेवण उत्सव' करण्यात येणार आहे. 15 ऑक्टोबर रोजी 'रंग संगीत' सांस्कृतिक कार्यक्रमात दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपूरचे कलाकार 'युगंधर कृष्ण' नाटक तथा विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम सादर करतील. सर्व कार्यक्रमांना उपस्थित राहण्याचे आवाहन विश्वविद्यालयाच्या वतीने करण्यात आले आहे.